राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–विज्ञप्ति :–

दिनांक :– 14.11.2014

आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 8/2011–12 दि. 20.07.2011 की पद क्रम संख्या 01 व 02 पर क्रमशः सहायक भू संरक्षण अधिकारी (अभियांत्रिकी), वन विभाग के 3 पद एवं सहायक भू संरक्षण अधिकारी (कृषि), वन विभाग का 1 पद विज्ञापित किया गया था। उक्त पदों हेतु पूर्व में संवीक्षा परीक्षा आयोजित कर साक्षात्कार आयोजित किए गए थे। आयोग द्वारा उक्त पदों की संवीक्षा परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोग की प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 14.10.2014 के द्वारा निरस्त कर दिए गये। अब उक्त पदों हेतु राजस्थान वन सेवा नियम, 1962 में विहित प्रावधानों के अनुसार संयुक्त लिखित परीक्षा आयोजित की जानी है। तत्पश्चात् साक्षात्कार आयोजित किए जायेंगे। उक्त पदों हेतु परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाईट पर यथासमय जारी कर दिया जाएगा।

The Scheme & Syllabus for the competitive examination for the post of Assistant Soil Conservation Officer (Engineering) and Assistant Soil Conservation Officer (Agriculture) of Forest Department :-

1. A candidate for the Rajasthan Forest Service must take all the compulsory subjects and **Any Two** of the optional subjects listed below. The time allowed for each paper shall be **Three** hours.

(I) Compulsory subects:	**Marks**
(1) General Knowledge	100
(2) General English	100
(3) Mathematics (Higher Secondary/Matriculation or equivalent standard)	100

(II) Optional subjects: (**100 Each**)

(1) Botany
(2) Zoology
(3) Mathematics
(4) Chemistry
(5) Physics
(6) Geology
(7) Mechanical Engineering
(8) Agriculture
(9) Civil Engineering
(10) Chemical Engineering
(11) Statistics

अतः पूर्व में आवेदित अभ्यर्थियों से उक्त परीक्षा हेतु दो ऐच्छिक विषयों के चयन हेतु ऑफ लाईन विकल्प निर्धारित प्रपत्र पर आमंत्रित किए जाते हैं। निर्धारित प्रपत्र आयोग की वेबसाईट **rpsc.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड कर उसमें आवश्यक कॉलम की पूर्ति करते हुए अपने दो ऐच्छिक विषयों को आवश्यक रूप से अंकित करें जिसमें अभ्यर्थी परीक्षा देना चाहता है एवं इसे आयोग कार्यालय में दिनांक 05.12.2014 तक आवश्यक रूप से भिजवा दें। अभ्यर्थी जिस परीक्षा हेतु ऐच्छिक विषय का चयन कर रहा है उस परीक्षा का नाम यथा सहायक भू संरक्षण अधिकारी (कृषि) अथवा सहायक भू संरक्षण अधिकारी (अभियांत्रिकी) का पृथक् रूप से स्पष्ट अंकन निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक रूप से करें। दिनांक 05.12.2014 के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में पूर्व में आवेदित अभ्यर्थियों को पूर्व आवेदन प्रपत्र में उनके द्वारा दिये गये मोबाईल नम्बर पर S.M.S द्वारा भी सूचित किया जा रहा है।

(नरेश कुमार ठकराल)
सचिव